देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर– 452 001
दिनांक 17 SEP 2026

क्र. शैक्षणिक/सम्बद्धता/2026/1693

//सूचना//

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर के क्षेत्राधिकार अंतर्गत जिले यथा इन्दौर, धार व झाबुआ में संचालित नर्सिंग महाविद्यालयों को सत्र 2025–26 में संबंधित पाठ्यक्रमों की प्रथम वर्ष की सम्बद्धता प्रदान करने हेतु महाविद्यालयों से एम.पी.ऑनलाईन पोर्टल पर ऑनलाईन दस्तावेज अपलोड करवाने एवं सम्बद्धता शुल्क जमा कर आवेदन करने हेतु संशोधित अधिसूचना क्र. शैक्षणिक/सम्बद्धता/2026/447 दिनांक 13/03/2026 जारी की गई थी।

उल्लेखनीय है कि महाविद्यालयों को सत्र 2025–26 की सम्बद्धता हेतु नर्सिंग महाविद्यालयों को एम.पी. एन.आर.सी., भोपाल द्वारा निर्धारित सीट संख्या के अनुसार शुल्क जमा किया जाना था। किन्तु कुछ महाविद्यालयों द्वारा आवंटित सीट संख्या अनुसार शुल्क जमा नहीं किया गया है। अतः विद्या परिषद् की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 12/08/2026 एवं कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 07/09/2026 में लिए गए निर्णयानुसार ऐसे महाविद्यालयों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए सीट संख्या अनुसार शेष सम्बद्धता शुल्क की राशि का भुगतान किए जाने हेतु पुनः लिंक ओपन की जा रही है, जिसकी अंतिम तिथि 25 सितम्बर 2026 निर्धारित है।

अतः संबंधित नर्सिंग महाविद्यालय शेष सम्बद्धता शुल्क को निर्धारित तिथि से पूर्व जमा करना सुनिश्चित करे, अन्यथा महाविद्यालय के सम्बद्धता आवेदन पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

आदेशानुसार,

कुलसचिव
दिनांक : 17 SEP 2026

पृ.क्रं. शैक्षणिक/सम्बद्धता/2026/1693

प्रतिलिपि :–

1. प्राचार्य/संचालक, संबंधित शासकीय/अशासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों, जिला–इन्दौर, धार एवं झाबुआ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
2. आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र.शासन, सतपुडा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. रजिस्ट्रार, मध्य प्रदेश नर्स पंजीकरण परिषद, गोमंतिका परिसर, III फ्लोर, जवाहर चौक, भोपाल ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, इन्दौर संभाग, मोती तबेला केम्पस इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. कुलपतिजी के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक की ओर सूचनार्थ प्रेषित ।
6. विभागाध्यक्ष, आई.टी. सेन्टर की ओर वि.वि. वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
7. एम.पी.ऑनलाईन प्रभारी, दे.अ.वि.वि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित
8. सम्पादक, दैनिक ———————————— की ओर भेजते हुए निवेदन है कि आपके लोकप्रिय दैनिक के समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

डी.सी.डी.सी.